प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 18 दिसम्बर, 2024 :-

(1) माननीय राज्यपाल ने National Institute of Advanced Manufacturing Technology (NIAMT), राँची में "Advances in Foundry and Forming Technology" विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज National Institute of Advanced Manufacturing Technology (NIAMT), राँची में "Advances in Foundry and Forming Technology" विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस आयोजन के लिए Department of Foundry and Forge, NIAMT एवं The Institute of Engineers (India), Jharkhand State Centre को बधाई दी।

राज्यपाल महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि फाउंड्री और फॉर्मिंग तकनीक औद्योगिक विकास की रीढ़ है, जो निर्माण, ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने NIAMT की समृद्ध परंपरा और तकनीकी अनुसंधान में इसके योगदान की सराहना की।

राज्यपाल महोदय ने उक्त अवसर पर कहा कि औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित

करना आज बड़ी आवश्यकता है। राज्यपाल महोदय ने इस बात पर जोर दिया कि टिकाऊ प्रौद्योगिकियाँ, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण-संवेदनशील नवाचार न केवल उद्योगों की कार्यक्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि सतत विकास के लिए नए अवसर भी प्रदान करते हैं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत @2047' के दृष्टिकोण व लक्ष्य को साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि NIAMT हटिया और आसपास के क्षेत्रों को गोद लेकर सक्रियता से कार्य करते हुए शिक्षा, स्वच्छता और कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाए, जिससे यह संस्थान सामाजिक सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

राज्यपाल महोदय ने आशा प्रकट की कि यह सम्मेलन तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान का एक सशक्त मंच बनेगा और भावी पीढ़ी के इंजीनियरों एवं वैज्ञानिकों को प्रेरित करेगा। उन्होंने NIAMT को तकनीकी और शैक्षणिक क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करने तथा देश के विकास में योगदान देने हेतु शुभकामनाएँ दीं।

राज्यपाल महोदय ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों को इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर NIAMT के कुलाधिपति डॉ. अरुण कुमार झा, पूर्व अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स श्री श्याम अर्जुनवाडकर, राजनीतिक, आर्थिक एवं विदेश नीति विशेषज्ञ डॉ. एस. दत्ता, झारखंड युनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कुलपति डॉ. डी.के. सिंह, NIAMT के निदेशक प्रो. पी.पी. चट्टोपाध्याय और The Institute of Engineers (India), Jharkhand State Centre के अध्यक्ष इंजीनियर महेश कुमार गुप्ता सहित कई शिक्षाविद, शोधार्थी, विद्यार्थी और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।